माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

अजमेर 20 अगस्त। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के 60 लाख परीक्षार्थियों को अनुपम सौगात दी है। बोर्ड परीक्षा से जुडे वर्ष 2018, 2019 और 2020 के परीक्षार्थियों की परीक्षा से जुडे दस्तावेज यथा–अंकतालिका, परीक्षा प्रमाण–पत्र उनके डिजिलॉकर में उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी. पी. जारोली ने गुरूवार को बताया कि देश में संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 76वीं जयन्ती के अवसर पर राजस्थान बोर्ड लाखों विद्यार्थियों को यह अनुपम भेंट दी है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी में ले जाने का जो सपना लगभग 35 वर्ष पूर्व देखा था, उसी की परिणीति यह है कि आई.टी. के क्षेत्र में विश्व के विकसित राष्ट्र भी अपने देशों में भारतीय विशेषज्ञों की ही मदद ले रहे हैं। स्वर्गीय राजीव गांधी ने तकनीकी ही नहीं अपितु शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तरिक्ष और औधोगिक क्षेत्र में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान बोर्ड के प्रमाण पत्र ऑनलाईन उपलब्ध होने से परीक्षार्थियों का रिकॉर्ड हमेशा के लिये डिजिटल फार्मेट में ऑनलाईन उपलब्ध रहेगा, जिससे परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र खो जाने अथवा नष्ट होने के कारण होने वाली असुविधा से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि डिजिलॉकर पर राजस्थान बोर्ड के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थी को सर्वप्रथम गूगल प्ले स्टोर पर जाकर **DIGILOCKER Govt of India app** डाउनलोड करना होगा। उसके पश्चात् एप पर अपना मोबाइल नम्बर अथवा आधार नम्बर प्रविष्ट कर ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन पश्चात् अपनी पसन्द का पिन/पासवर्ड जनरेट करना होगा। पिन/पासवर्ड जनरेशन के पश्चात् लॉगिन कर वांछित दस्तावेज डाउनलोड कर देखा जा सकेगा व आवश्यकता होने पर उसका प्रिन्ट आउट भी प्राप्त किया जा सकेगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान बोर्ड का प्रयास है कि विगत एक दशक के बोर्ड परीक्षार्थियों के दस्तावेज डिजिलॉकर में उपलब्ध कराये जायें। उल्लेखनीय है कि राजस्थान बोर्ड ने जिला स्तर पर विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए विद्यार्थी सेवा केन्द्र स्थापित किये हैं जिनसे परीक्षार्थी को अपने परीक्षा संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बोर्ड के मुख्य कार्यालय आने के लिए जरूरत भी नहीं होती है।

उप निदेशक (जन सम्पर्क)